**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

के. रो. सू. संख्या 07/2024
मिनिस्टीरियल और आइसोलटेड कोटियों के विभिन्न पदों की भर्ती
**आवेदन स्थिति पर सूचना**

1. दिनांक 06.01.2025 को जारी के. रो. सू. संख्या 07/2024 के अनुसार मिनिस्टीरियल और आइसोलटेड कोटियों के विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन की जांच पूरी हो चुकी है और उम्मीदवार www.rrbapply.gov.in पर अपने यूजर क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन करके (i) अनंतिम रूप से स्वीकृत और (ii) अस्वीकृत (कारण के साथ) के तहत अपने आवेदनों की स्थिति देख सकते हैं। **यह लिंक 12/07/2025 से लाइव रहेगा।**

2. आवेदन की स्थिति के बारे में प्रस्तुत आवेदन में उल्लेखित उम्मीदवार के पंजीकृत मोबाईल नंबर और ईमेल आईडी पर एसएमएस और ई-मेल भेजा जाएगा।

3. यद्यपि अनंतिम रूप से पात्र उम्मीदवारों की सूची तैयार करने में हर प्रकार की सावधानी बरती गयी है। आरआरबी किसी भी अनजानी त्रुटि या टाइपोग्राफिकल प्रिंटिंग गलतियों को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **आरआरबी अस्वीकृत उम्मीदवारों से किसी भी पत्राचार को स्वीकार करने में असमर्थता के लिए खेद व्यक्त करता है।**

4. सभी स्वीकृत उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम है और उनकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर या उसके बाद रद्द की जा सकती है, यदि उनके द्वारा अपने आवेदन में कोई असंगति/ कमी/गलत रिकॉर्ड या डेटा प्रस्तुत किया जाता है या उम्मीदवारों की ओर से कोई कदाचार भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में आरआरबी के ध्यान में आता है।

5. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे भर्ती प्रक्रिया के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाईट देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

6. उम्मीदवारों के लिए हेल्पडेस्क:-

9592-001-188 & 0172-565-3333
rrb.help@csc.gov.in

समय: प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

दिनांक: **11/07/2025**

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**महत्वपूर्ण नोट:** उन दलालों से सावधान रहें जो उम्मीदवारों को अवैध रूप से नौकरी के लिए चयनित करने के झूठे वादों के साथ गुमराह कर सकते हैं। आरआरबी परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कंम्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है।